# सदन में इंदिरा गांधी पर अनर्गल टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसजनों का प्रदर्शन

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज कोटगेट पर पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम भाजपा के मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई अनर्गल टिप्पणी और उसके विरोध में माफी की मांग कर रहे कांग्रेसी विधायकों व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निलंबन के विरोध में किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा सहित सभी 6 विधायकों के निलंबन को तुरंत रद्द करने की मांग की गई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को गैर भाजपाई प्रधानमंत्री खासतौर से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं का अपमान करना उनको निशाना बनाना आदत में शुमार हो गया है। उनको लगता है कि देश में सिर्फ वे ही लोग है जो देशभक्त हैं और बाकी नेताओं का योगदान इस देश में कुछ नहीं है। ऐसा ही वक्तव्य कल मंत्री अविनाश गहलोत का रहा और जब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इसका विरोध कर माफी मांगने की बात कही तो उलटा उन कांग्रेसी विधायकों को ही सदन से निलंबित कर दिया जो कि साबित करता है कि भाजपा शासन डंडे के जोर पर चलाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस भी पीछे हटने वाली नहीं है

पूर्व मंत्री बी. डी. कल्ला ने कहा कि जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए असम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया गया वो सही नहीं है। इसके लिए मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे मंत्री के खिलाफ कार्यवाही करते हुए माफी मांगने का कार्य करें। जिन लोगों ने देश की रक्षा व लोकतंत्र के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए हो उनके लिए व्यंग्यात्मक टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर विधानसभा में मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा अनर्गल टिप्पणी करने के विरोध में बीकानेर में कांग्रेसजनों ने कोटगेट पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका।

पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि जिस समय देश के पास साधन नहीं थे। उस वक्त अमेरिका को सीधे चुनौती देने वाली प्रधानमंत्री के लिए ऐसे शब्दों का प्रयोग भारतीय राजनीति में सही नहीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष मंगलाराम गोदारा ने कहा कि जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया हो, जिनके लिए देश की एकता पहले हो, ऐसे व्यक्तित्व पर भाजपा मंत्री की टिप्पणी किसी भी सूरत में सही नहीं की जायेगी। उन्हें देश से माफी मांगनी होगी।

लक्ष्मण कड़वासरा ने कहा कि इंदिरा गांधी जिसको भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में सम्मान से देखा जाता है। भारत की पहली प्रधानमंत्री के खिलाफ भाजपाई सोच का नमूना है अविनाश गहलोत की टिप्पणी। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश महासचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि भाजपा के मंत्री पूर्व प्रधानमंत्रियों पर जिस तरह टिप्पणी करते हैं। ऐसा लगता है उनको अपने अलावा कोई और सम्माननीय लगता ही नहीं है। प्रदेश सचिव शिवलाल गोदारा ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व या तो माफी मांगे अन्यथा भाजपा के मंत्रियों को सड़क पर विरोध झेलने की तैयारी कर लेनी चाहिए।

देहात संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सलीम भाटी, नरसिंह दास व्यास, कन्हैयालाल कल्ला,हरिप्रकाश वाल्मीकि, गुमानाराम जाखड़, सईद अली, हंसराज विश्नोई, प्रेमरतन जोशी पट्टू, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, उपाध्यक्ष अरूण व्यास, जितेंद्र कस्बा, महासचिव विक्की चड्ढा, तोलाराम सियाग, गोपाल चौधरी, रविकांत वाल्मीकि, राहुल जादूसंगत धनसुख आचार्य, प्रवक्ता पूनमचंद भांभू, विकास तंवर, अनिल सारडा भगीरथ गोदारा, बिशनाराम गोदारा, यूथ अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रामनिवास कूकना, देवेंद्र बिस्सा, मदनलाल चौहान, महिला नेत्री उमा सुथार, मुमताज शेख, संतोष पडिहार,वंदना गुप्ता, ओमप्रकाश लोहिया, गोपाल शर्मा, सुगनाराम चौधरी, भगवान नाथ सीध, किशन तंवर, मंडल अध्यक्ष जाकिर हुसैन, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट कमल साध, मंडल अध्यक्ष इस्माइल खिलजी, मंडल अध्यक्ष जगदीश सारण, मंडल अध्यक्ष मुकेश जोशी, सचिव मनोज चौधरी, जयदीप सिंह सीताराम डूडी, मदनलाल चौहान, हेतराम जाखड़, सफी खान, मोहम्मद असलम, महबूब रंगरेज, सुनील सारस्वत, डूंगराराम पडिहार, गजानंद शर्मा, रामनिवास गोदारा सहित अन्य नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की बदजुबानी बढ़ती जा रही है।

- माफी की मांग कर रहे 6 कांग्रेसी विधायकों व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निलंबन का विरोध

## नेमिकुमार के 39 की तपस्या की अनुमोदना आज

**गंगाशहर,** (कासं)। लघुता से प्रभुता मिले प्रभुता से प्रभु दूरी। चींटी शक्कर ले चली, हाथी के सर धूरि। कबीर दास के इस वाक्य के द्वारा मुनि कमल कुमार ने आज शान्ति निकेतन सेवा केन्द्र में में जनता को प्रतिबोध देते हुए कहा कि हमें अपना बड़प्पन बनाए रखना चाहिए। हमेशा छोटा बनकर रहना चाहिए। मन में अहंकार नहीं करना चाहिए।

मुनि ने प्रेरणा देते हुए कहा कि अपने बच्चों को संस्कारी बनाओ बच्चों के कल्याण के निमित बानो जैन धर्म की सभी क्रियाएं ध्यान और योग से जुड़ी हुई है। हमें साधु संतों के पास केवल साधना करने के लिए जाना चाहिए। तेरापंथ धर्म संघ में सेवा भावना की प्रधानता है। एक गुरू और एक विधान मुख्य विशेषता है। आदमी अपने कर्मों से महान होता है। देव गुरू और धर्म के प्रति आस्था होने से हमें कहीं नहीं भटकना पड़ता। गुरू के प्रति सच्ची श्रद्धा हमें नरक गति से बचाती है एवं मोक्ष का मार्ग सुगम गुरू ही बना सकता है।

इस अवसर पर मुनि कमल कुमार ने कहा कि कल शांति निकेतन सेवा केन्द्र में मुनि नमि कुमार के 39 दिवस के तप की अनुमोदना की जायेगी। कार्यक्रम प्रातः 8.41 बजे से प्रारम्भ होगा। तप की इस अनुष्ठान में सभी श्रावक- श्राविका समाज अपनी सामर्थ्य और सुविधा की दृष्टि योगभुत बने। तप में सहभागी बनकर कर्म निर्जला का लाभ लेवें। मुनि ने प्रेक्षा ध्यान के प्रयोग करवाये। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के मंत्री जतनलाल संचेती ने बताया कि साधुओं में यहां इतनी बड़ी तपस्या का यह प्रथम अवसर है।

## सार-समाचार

### कार लूट मामले में दो गिरफ्तार



बीकानेर में सदर थाना क्षेत्र में डॉक्टर से कार लूट के आरोपी दो जनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में डॉक्टर से कार लूट प्रकरण में पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में रामपुरा बस्ती निवासी चन्द्र सिंह उर्फ बाबू और गजेन्द्र सिंह उर्फ पीयूष नामक युवकों को पकड़ा हैं। जिनके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है। इन दोनों ने 16 फरवरी को पंचशती सर्किल से चिकित्सक शेखर से कार लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस को कार गंगानगर के जवाहर नगर से बरामद हुई हैं। कार्यवाही में एएसपी सौरभ तिवाड़ी के नेतृत्व में डीएसटी के दीपक यादव, एएसआई रामकरण, एएसआई देवेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया जा रहा है कि इनमें से एक युवक ने डॉ शेखर से फोन लेकर किसी से बात की थी। जिस नंबरों पर इन आरोपियों ने बात की। वे शेखर के फोन में आ जाने से पुलिस ने उन नंबरों के आधार पर आरोपियों को ट्रेस कर उनके परिवार तक पहुंचे। उसके बाद ये दोनों पकड़ में आये।

### स्वच्छता अभियान का आयोजन



कतरियासर में प्राथमिक आरोग केन्द्र परिसर में विद्यार्थियों ने सफाई की।

**बीकानेर,** (कासं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव बम्बलू में ग्राम पंचायत कार्यालय तथा डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीछवाल बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव कतरियासर में प्राथमिक आरोग केन्द्र में शनिवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. के विद्यार्थियों ने श्रमदान किया और विद्यार्थियों द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व को बताकर जागरूक किया। शिविर का प्रबंधन समन्वयक यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी, वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर की डॉ. मैना कुमारी एवं डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीछवाल, बीकानेर के डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस शिविर के आयोजन में डॉ. संदीप खरे, ग्राम विकास अधिकारी (बम्बलू) रामदेव मंडा, ग्राम विकास अधिकारी (कतरियासर) मिलन कुमार एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

### दाल मिल्स चार दिन बंद का आव्हान



बीकानेर में दाल मिल्स एसोसिएशन की बैठक में चर्चा करते दाल व्यापारी।

**बीकानेर,** (कासं)। दाल मिल्स एसोसिएशन ने राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ जयपुर के आव्हान पर राज्य में विभिन्न मांगों को रखते हुए 23 से 26 फरवरी तक अपनी मिलें बंद रखने का आव्हान किया है। बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि कोरोना काल में लगाए गये कृषक कल्याण फीस को समाप्त करवाने तथा आम आदमी की दाल-रोटी दलहन व गेंहू पर मंडी शुल्क को कम करवाने व दूसरे राज्यों की उपज को राज्य में लाने पर लगाये जाने वाले मंडी शुल्क को पडौसी राज्यों की तर्ज पर समाप्त किये जाने की मांग की। साथ ही वह मांगें भी जो राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ के मांग पत्र में शामिल हो। राज्य सरकार से इन सभी मांगों को पूरी करवाने के लिए बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएशन के सभी सदस्य व्यापार बंद रखकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### बंद मकान से जेवर चोरी

**नोखा,** (कासं)। बालाजी नगर स्थित सालासर सिटी में एक बंद मकान से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जिसको लेकर पीड़ित ने नोखा थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित सीताराम नाई ने रिपोर्ट में बताया कि वह 19 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे एक शादी समारोह में गए थे। जिसके बाद रात 11:30 बजे घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी और संदूक भी टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से दो जोड़ी कान के झुमके, तीन जोड़ी पायल, दो रखड़ी और दो अंगूठी, कनोती और 35 हजार रूपए नकद ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विकलांग गौवंश वाली गौशालाओं को मिलेगा 12 माह का अनुदान

**बीकानेर,**(कासं)। विकलांग गौवंश को 15 गौशालाओं में रखा जाता है। इन विकलांग गौवंश को रखने वाली गौशालाओं को विकलांग गौवंश के हिसाब से तीन महीने का अतिरिक्त अनुदान मिलता है। विकलांग गौवंश को रखने वाली गौशालाओं को अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर माह का अनुदान भी मिलता है। बाकी सभी गौशालाओं को एक साल में 9 माह का अनुदान ही मिलता है।

ऐसे ही नंदीशाला को भी पूरे साल का अनुदान मिलता है। बीकानेर में जयमलसर गांव की श्रीगंगा जुबली पिंजराप्रोल गौशाला में नंदियों को रखा जाता है। यहां करीब 2000 नंदी रखे जाते हैं। गंगा जुबली पिंजरा प्रोल गौशाला के अलावा भीनासर, नंदनवन, गुंसाईसर, किशन गौशाला गुंसाईसर बड़ा, गोपाल गौशाला श्रीडूंगरगढ़, गंगा गौशाला नोखा, गोवर्द्धन गौशाला कंवलीसर और श्रीकिशन गौशाला पांचू सहित जिले की 15 गौशालाओं में विकलांग गौवंश को रखा जाता है। विकलांग गौवंश में अंधी, लूली और लंगड़े गौवंश को इन गौशालाओं में रखा जाता है। इन गौशालाओं में बड़े गौवंश के लिए 44 और छोटे गौवंश के लिए 22 रूपए का अनुदान दिया जाता है।

बीकानेर जिले की 230 गौशाला में से अनुदान में पात्र 166 गौशालाओं को 4 महीने के अनुदान का भुगतान हो चुका है। गौशालाओं को अप्रैल, मई, जून और जुलाई 24-25 के पहली किस्त का भुगतान हो चुका है। जिला गोपालन सचिव डॉ कुलदीप चौधरी और गोपालन शाखा के अधिकारियों के प्रयास से बीकानेर जिले की 167 गौशालाओं में 84000 गौवंश को रखा गया है। बीकानेर गौशाला संघ बीकानेर के अध्यक्ष सूरजमाल सिंह नीमराना ने बताया कि अनुदान राशि से गौशालाओं में पोषित गौवंश को चारा आदि समय पर मिल जायेगा। संघ के महामंत्री निरंजन सोनी ने बताया कि अभी भी राजस्थान के बहुत से जिलों में अनुदान का वितरण नहीं हुआ है। आगामी अनुदान को लेकर 24 फरवरी को बैठक होगी। इस बैठक में अनुदान के वितरण से संदर्भ के कार्यों के प्रति गौशालाओं को जागरूक करने के लिए कैंपन चलाया जाएगा, उस पर चर्चा की जाएगी। पौधे वितरण के साथ गोकथा के माध्यम से गायों की सेवा करने का उद्देश्य लेकर निकले बालसंत ने मंदिरों, कॉलेज, संस्थाओं में पौधे वितरित किए।

- बीकानेर जिले की 15 गौशालाओं में अंधी, लूली और लंगड़े गौवंश की सेवा की जाती है

## राज्यपाल कल बीकानेर आयेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार प्रातः 10.15 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के हैलीपेड पहुंचेंगे और यहां से प्रातः 10.20 बजे राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

बागडे प्रातः 10.30 बजे यहां विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित होने वाली सड़क सुरक्षा कार्यशाला में शिरकत करेंगे। यहां से प्रातः 11.35 बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे से यहां होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी निभायेंगे।

बागडे यहां से दोपहर 2.15 बजे पेमासर ग्राम पंचायत के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2.35 बजे पेमासर पहुंचेंगे। राज्यपाल यहां राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा किसानों से संवाद करेंगे।

# आदेशों की अवहेलना पर डीएलबी करेगी कार्रवाई

**बीकानेर,** (कासं)। दो साल से डीएलबी सीज खोलने वाले प्रकरणों के दस्तावेज मांग रहा है। प्रदेश के कई नगर निकाय इसे इग्नोर कर रहे हैं। यही वजह है कि इस बार डीएलबी ने प्रदेश के सभी निगम, निकायों को अग्रिम कार्रवाई का चेतावनी भरा पत्र लिखते हुए कहा कि अब कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

दरअसल जब भी प्रदेश की तमाम निकाय कोई प्रोपर्टी सीज करती हैं तो उसके बाद उसे खोलने का हक सिर्फ डीएलबी को ही होता है। डीएलबी भले ही वो प्रकरण वापस उसी निकाय को ये कहकर लौटा सकती है कि आप अपने स्तर पर इसे निस्तारित करें मगर उसके लिए भी डीएलबी को डायरेक्शन देने पड़ते हैं। डीएलबी ने ऐसे तमाम निकायों को डायरेक्शन तो दिए बावजूद इसके लिए निकायों ने उसकी वापस डिटेल डीएलबी को नहीं भेजी। नियमों के तहत 60 दिन के भीतर डीएलबी के आदेश पर एक्शन कर डीएलबी को सूचित करना होता है। बीकानेर नगर निगम में भी पुराने शहर का एक ऐसा ही प्रकरण लंबित है। डीएलबी ने उसके लिए निगम को आगे की कार्रवाई के लिए कहा है। अभी तक निगम ने उसका निस्तारण नहीं किया। डीएलबी के अतिरिक्त निदेशक श्याम सिंह शेखावत ने यूडीएच के प्रमुख सचिव के हवाले से कहा कि अब अगर समय पर सूचना नहीं आई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आदेशों की अवहेलना करने पर कार्रवाई होगी।

- सीज खोलने वाले प्रकरणों के दस्तावेज नहीं भेजने पर निगम, निकायों को चेतावनी दी

# सूरतगढ़ में पूर्व पार्षद सहित परिजनों पर हमला

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। सूरतगढ़ में एक पार्षद के घर पर हुए हमले का मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 8 के पूर्व पार्षद सुरेश बिश्नोई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

इस घटना के कई वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। वीडियो में कई नकाबपोश युवक और अन्य जिनके मुंह ढके हुए नहीं थे वो बाइक को तोड़ रहे थे। फिलहाल सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाश युवकों की तलाश शुरू कर दी है। हैड कांस्टेबल महावीर सिंह ने बताया कि घटना देर रात की है। उनकी मां का फोन आया कि सलीम नाम का व्यक्ति पिस्तौल लेकर 10-15 लोगों के साथ घर में घुस आया है। विजय और बबलू नाम के दो लोगों के पास लोहे की रॉड थी। बाकी लोग डंडे और गंडासी लेकर आये थे। हमलावरों ने सुरेश की मां और भाई की पत्नी के साथ मारपीट की। उन्होंने भाभी के गले से सोने का लॉकेट भी छीन लिया। सुरेश पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। उनकी बाइक को तोड़कर आग लगा दी। कृष्ण जालप और अन्य वार्ड वासियों के पहुंचने पर हमलावर भाग गए। सुरेश का आरोप है कि ये लोग पिछले कुछ समय से आवारागर्दी कर रहे हैं और पहले भी मारपीट कर चुके हैं।

- बदमाशों ने की मारपीट और लूटपाट, बाइक में लगाई आग

## बीकानेर के मयूर रांका का इसरो में चयन

**बीकानेर,**(कासं)। भीनासर प्रवासी दिल्ली निवासी 21 वर्षीय मयूर रांका का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में बतौर वैज्ञानिक पद पर चयन हुआ है।

यह उपलब्धि न केवल मयूर के लिए बल्कि उनके परिवार और बीकानेर शहर के लिए भी गर्व की बात है। मयूर बीकानेर जिले के पहले शख्स हैं, जिसे इतनी कम उम्र में इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में काम करने का मौका मिला है। मयूर ने आठवीं कक्षा से ही अंतरिक्ष विज्ञान में रूचि दिखाई थी। उन्होंने जेईई मेन और जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद आईआईएसटी में प्रवेश लिया। अब उनका इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ है।

# किसान नेता इंद्राज पूनिया की गिरफ्तारी का विरोध

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की पदमपुर ग्राम पंचायत रिडमलसर के प्रशासक इंद्राज पूनिया की गिरफ्तारी के विरोध में तीन दर्जन से अधिक किसान नेताओं ने गुरूद्वारा सिंह सभा में बैठक आयोजित की। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने तक रोष मार्च निकाला और थाने का घेराव किया।

इस दौरान किसान नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हिटलर जैसी तानाशाही अपनाकर किसान नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें साजिश के तहत परेशान कर रही है। किसानों ने पुलिस और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। उनका कहना था कि चाहे सरकार आंदोलनकारी किसानों पर कितने भी झूठे मुकदमे दायर करें और उन्हें परेशान करें, लेकिन किसान न तो झुकेंगे और न ही टूटेंगे। वे सरकार की हिटलरशाही का माकूल जवाब देंगे।

किसान नेता संतवीर सिंह मोहनपुरा और कामरेड रविन्द्र तरखान ने कहा कि इंद्राज पूनिया एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वर्तमान में प्रशासक पद पर कार्यरत हैं। उनका कहना था कि छुट्टी के दिन इंद्राज पूनिया की गिरफ्तारी साजिश का हिस्सा है। किसान नेताओं का आरोप था कि इससे पहले पूर्व सरपंच को भी अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था। किसान नेता बोले साल 2018 में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसानों पर हुए लाठीचार्ज के दौरान पुलिस द्वारा किए गए झूठे मुकदमों में अब कार्रवाई की जा रही है।

- 2018 में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसानों पर हुए लाठीचार्ज के दौरान झूठे मुकदमों में गिरफ्तारी का आरोप
- पदमपुर में किसानों ने थाने को घेरा

# चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू-गूजा' शुरू, पहले दिन हजारों बच्चों की रही भागीदारी

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रशासन के तत्वावधान में पहली बार दो दिवसीय चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू-गूजा' शनिवार को रेलवे ग्राउंड में शुरू हुआ। पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे बच्चों ने फेस्टिवल का जमकर लुत्फ उठाया। देशभर से आये मेहमानों ने बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया।

पूरे स्टेडियम को बच्चों के लिए आकर्षक तरीके से सजाया गया। अलग-अलग क्षेत्रों के प्रकाशकों ने बच्चों के साहित्य की पुस्तकों को प्रदर्शन और विक्रय किया। इससे पहले पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश तथा जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि चिल्ड्रन फेस्टिवल में बच्चों को अपनी प्रतिभा दर्शाने के अवसर मिलेंगे। बच्चे यहां से नया ज्ञान सीखकर जायेंगे, जो आने वाले समय में लाभदायक साबित होगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि चिल्ड्रन फेस्टिवल बड़ों द्वारा बच्चों के लिए किया गया एक प्रयास है। बच्चे पूरे उत्साह के साथ इसका आनंद लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य शत-प्रतिशत समर्पण के साथ करना चाहिए यह सफल होने की पहली कुंजी है। चिल्ड्रन फेस्टिवल के पहले दिन दिल्ली के दीपांकर रैना के साथ हजारों बच्चों ने 'आजू गूजा' गीत के साथ जमकर नृत्य किया। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखने लायक था। जयपुर की मन्नू और श्रेया की टीम ने बच्चों के साथ ड्रम सर्किल कार्यक्रम किया। दिल्ली की सुनीता कपूर ने ग्लास पेंटिंग, पेबल पेंटिंग और पेपर बैग एम्बॉसमेंट तथा अहमदाबाद के वृद्धि पटेल ने पोट्री-क्ले, दिल्ली की नम्रता ने डूडलिंग, भाविक ने रॉक बेलेंसिंग, सार्थक लूथरा ने ऑरिगेमी और जोधपुर के युवा कलाकार दिगपाल सिंह ने गिटार पर लोकगीतों की प्रस्तुति दी। चिल्ड्रन फेस्टिवल का समापन रविवार को होगा।



चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू-गूजा' का बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि व पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

- चिल्ड्रन फेस्टिवल में बच्चों को अपनी प्रतिभा दर्शाने के अवसर मिलेंगे

# गौशाला प्रबंधकों को उन्नत गोपालन का प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। निदेशालय प्रसार शिक्षा, राजुवास बीकानेर एवं निदेशालय गोपालन, राजस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पंजीकृत गौशालाओं के प्रबंधकों एवं डेयरी संचालकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ।

समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सूरजमल निमराना, प्रदेशाध्यक्ष गौ ग्राम सेवा संघ, बीकानेर ने कहा कि गौशालाओं को संरक्षण एवं स्वावलम्बी बनाने हेतु राज्य सरकार ने गोपालन विभाग, राजस्थान सरकार गौपालकों एवं गौशाला प्रबंधकों को उन्नत गोपालन के लिए ज्ञान एवं कौशल विकास हेतु विश्वविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों के परस्पर सहयोग से निरन्तर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करवा रहा है जो कि गौपालकों हेतु जरूरी भी है। आमजन को भी गौसंरक्षण हेतु जागरूक होना पडेगा ताकि निराक्षित गौवंश वाहनों की चपेट में ना आए।



गौशाला प्रबंधकों के प्रशिक्षण समापन पर सूरजमाल सिंह नीमराणा ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यकारी निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. प्रवीण बिश्नोई ने कहा कि वेटरनरी विश्वविद्यालय में आधुनिक पशु चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध है जिसका गौपालक पशु इलाज हेतु उपयोग कर सकते है। पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के तौर तरीकों के साथ-साथ राज्य सरकार की विभिन्न पशुपालन योजनाओं के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए ताकि योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।